# पुरस्कार और सम्मान 2021

---

## पुलित्जर पुरस्कार 2021 -

पुलित्जर पुरस्कार पत्रकारिता के क्षेत्र का अमेरिका का सर्वोच्च पुरस्कार है।

इस वर्ष सार्वजनिक सेवा श्रेणी में **'The New York Times'** को पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

जबकि इस वर्ष 2021 के लिए भारतीय मूल की पत्रकार **'मेघा राजगोपालन'** को भी अंतरराष्ट्रीय रिपोटिंग के दिया जाएगा. मेघा राजगोपालन ने अपने रिपोर्ट्स के जरिए चीन के डिटेंशन कैंपों की सच्चाई दुनिया के सामने रखी थी।

## फ्रेंच ओपन 2021 -

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया देश के **'नोवाक जोकोविच'** ने फ्रेंच ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में ग्रीस (यूनान) के 22 वर्षीय 'स्टेफानोस सिटसिपास' को हराकर अपना दूसरा फ्रेंच ओपन का खिताब जीत लिया।

जबकि चेक गणराज्य की महिला टेनिस खिलाडी **'बारबोरा क्रेजिकोवा'** ने रूस की 'अनस्तेसिया पावलिचेनकोवा' को 2-1 से हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल का खिताब अपने नाम किया। यह उनका पहला ग्रैंड स्लैम खिताब है।

## अर्लाइन पैच ग्लोबल विजन पुरस्कार 2021 -

इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ वुमेन जजेज (IAWJ) द्वारा जम्मू-कश्मीर उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति गीता मित्तल को 'अर्लाइन पैच ग्लोबल विजन पुरस्कार' (Arline Pacht Global vision Aueard), 2021 प्रदान किया गया।

## 13वें एनी पुरस्कार -

इस पुरस्कार का उद्देश्य ऊर्जा स्त्रोतों के बेहतर उपयोग को बढ़ावा देने और शोध कर्ताओं की नई पीढ़ियों को उनके काम में प्रोत्साहित करना है।

इस के अंतर्गत दिए जाने वाले पुरस्कारों में 3 प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-

1- द एनर्जी फ्रंटियर्स प्राइज

2- द एनर्जी ट्रांजिसन प्राइज

3- द एडवांस्ड इनवायरमेंटल सॉल्यूशन प्राइज है

द एनर्जी फ्रंटियर्स पुरस्कार से प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक भारतरत्न से सम्मानित प्रो.सी.एन.आर. राव को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।

सी.एन.आर. राव *को 2014 में भारत* के सर्वोच्च नागरिक सम्मान *भारत रत्न* से सम्मानित किया गया था।

## टेंपलटन पुरस्कार 2021 -

यू.के.की प्रसिद्ध वैज्ञानिक प्रकृति संरक्षणवादी एवं कार्यकत्री डॉ. जेन गुडाल को प्रतिष्ठित टेंपलटन पुरस्कार किए जाने की घोषणा की गई।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णान (वर्ष 1975) बाबा आम्टे (वर्ष 1990) तथा पांडुरंग शास्त्री अठावले (वर्ष 1997) इस पुरस्कार को जीतने वाले भारतीय है।

## नेचर TTL फोटोग्राफी अवार्ड -

केरल के थॉमस विजयन, जो अब कनाडा में बस गए हैं, ने एक पेड़ से चिपके एक ओरंगुटान की तस्वीर के लिए साल 2021 का नेचर TTL फोटोग्राफी अवार्ड जीता है। इस तस्वीर का शीर्षक है 'द वर्ल्ड इज गोइंग अपसाइड डाउन'।

## 15 वां शेख जायेद बुक अवॉर्ड -

शेख जायेद बुक अवॉर्ड को अरब जगत का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है।

मुंबई में जन्मी भारतीय मूल की प्रसिद्ध शिक्षाविद् डॉ. तोहरा कुतुबुद्दीन ने 15 वां शेख जायेद बुक आवार्ड हाल ही में जीता है।

## इंटरनेशनल बुकर प्राइज 2021 -

फ्रांस के उपन्यासकार डेविड डिओप (Daivd Diop) को वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित इंटरनेशनल बुकर प्राइज (International Booker Prize) से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह पुरस्कार उनकी पुस्तक 'एट नाइट ऑल ब्लड इज ब्लैक' (At Night All Blood is Black) के लिए दिया गया।

## लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड 2021 –

लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवॉर्ड्स 2021 के विजेताओं की सूचि-

टेनिस के दिग्गज खिलाड़ी 'राफेल नडाल' को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्डर्ट्स मैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड् 2021 प्रदान किया गया।

जापान की टेनिस खिलाड़ी 'नाओमी ओसाका' ने लॉरियस वर्ल्ड स्पोट्सवुमैन ऑफ द ईयर अवॉर्ड, 2021 जीता है।

लॉरियस वर्ल्ड टीम ऑफ द ईयर- बायर्न म्यूनिख

लॉरियस एथलीट एडवोकेट ऑफ द ईयर अवॉर्ड – लुईस हैमिल्टन

लॉरियस स्पोर्टिंग इंसपिरेशन (प्रेरणा) अवॉर्ड – मोहम्मद सलाह

नाओमी ओसाका और फुटबाल क्लब बायर्न म्यूनिख ने दूसरी बार यह अवॉर्ड जीता है।

**इंटरनेशनल बिजनेस बुक ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 -**

नितिन राकेश और जेरी विंड ने इंटरनेशनल बिजनेस बुक ऑफ द ईयर अवार्ड 2021 जीतकर इतिहास रच दिया है।

बुक - ट्रांसफॉर्मेशन इन टाइम्स ऑफ क्राइसिस

**मनोज दास अंतरराष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार -**

यह पुरस्कार प्रतिवर्ष अंग्रेजी साहित्य में रचनात्मक योगदान देने वाले ओडिशा के साहित्यकारों को प्रदान किया जाएगा।

**प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवार्ड 2021 -**

भारतीय अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता 'अमर्त्य सेन' को सामाजिक विज्ञान श्रेणी में स्पेन द्वारा '2021 प्रिंसेस ऑफ ऑस्टुरियस अवार्ड' से सम्मानित किया गया है।

**भारत जैव विविधता पुरस्कार 2021 -**

शाजी एन.एम. को 'पालतू प्रजातियों के संरक्षण की व्यक्तिगत श्रेणी में भारत जैव विविधता पुरस्कार 2021 से सम्मानित किया गया है।

शाजी एन.एम. को प्यार से केरल का 'ट्यूबर मैन (Tuber Man)' कहा जाता है।

**वाइल्ड इन्नोवेटर अवॉर्ड 2021 -**

बंगलुरू स्थित सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज (CWS) की मुख्य संरक्षण वैज्ञानिक डॉ. कृति के. करंत को वाइल्ड इन्नोवेटर अवॉर्ड (Wild Innovator Award) 2021के लिए चुना गया।

**'कलिंग रत्न' पुरस्कार 2021 -**

आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को वर्ष 2021 के 'कलिंग रत्न' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय अजेय स्वर्ण 2021 -**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री डॉ रमेश पोखरियाल निशंक (Dr Ramesh Pokhriyal Nishank) को इस वर्ष का अंतर्राष्ट्रीय अजेय स्वर्ण पदक (International Invincible Gold Medal) प्रदान किया गया है. उन्हें उनके लेखन, सामाजिक और शानदार सार्वजनिक जीवन के माध्यम से उनकी असाधारण प्रतिबद्धता और मानवता के लिए उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया है।

**'विश्व खाद्य पुरस्कार' 2021 -**

भारतीय मूल की वैश्विक पोषण विशेषज्ञ, डॉ. शकुंतला हरक सिंह (Dr Shakuntala Hark Singh) को वर्ष 2021 का "विश्व खाद्य पुरस्कार (World Food Award)" मिला है।

**ग्रीन ऊर्जा अवार्ड 2021 -**

इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी लिमिटेड (IREDA) को भारतीय चैंबर ऑफ कॉमर्स (ICC) द्वारा "ग्रीन ऊर्जा अवार्ड (Green Urja Award)" से सम्मानित किया गया है।

**93 वें ऑस्कर पुरस्कार 2021 -**

प्रमुख पुरस्कारों का वितरण इस प्रकार है-

सर्वश्रेष्ठ फिल्म-नोमैडलैंड

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता-एंथनी होपकिंग (फिल्म-द फादर)।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री-फ्रांसेस मैकडोरमंड (फिल्म-नौमैडलैंड)।

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता-डेनियल कालूया (Daniel Kaluuya)।

सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री-यूह-जंग यून (Yuh Jung Youn)। (फिल्म-मीनारी)

सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फीचर फिल्म-सोल (Soul)।

सर्वश्रेष्ठ निदेशक-क्लो झाओ (Chloe Zhao) फिल्म-नोमैडलैंड)

### **यूनेस्को विश्व प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार 2021 -**

मारिया रेसा (Maria Ressa) को यूनेस्को/गुइलेर्मो कैनो विश्व प्रेस स्वतंत्रता पुरस्कार के 2021 पुरस्कार विजेता के रूप में नामित किया गया है।

### **ई-पंचायत पुरस्कार 2021 -**

उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रेणी I में पहले स्थान का "ई-पंचायत पुरस्कार 2021" जीता हैं।

### **26 वां 'देवीशंकर अवस्थी स्मृति सम्मान' 2021 -**

प्रसिद्ध देवीशंकर अवस्थी पुरस्कार (Devishankar Awasthi Award) को विपुल हिंदी गद्य, पत्रकार और आलोचक आशुतोष भारद्वाज (Ashutosh Bhardwaj) को दिया गया है।

### **छत्तीसगढ़ वीरनी पुरस्कार 2021-**

भारतीय धावक, दूती चंद (Dutee Chand) को छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ वीरनी पुरस्कार के लिए चुना गया है।

### **नेल्शन मंडेला विश्व मानवतावादी पुरस्कार' 2021 -**

रूमाना सिन्हा सहगल ने नेल्सन मंडेला विश्व मानवतावादी पुरस्कार 2021 जीता ।

### **51वां 'दादासाहेब फाल्के पुरस्कार'-**

दिग्गज अभिनेता रजनीकांत (Rajinikanth) को 51 वें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार (Dadasaheb Phalke Award) से सम्मानित किया गया है।

### **66वें फिल्मफेयर अवार्ड 2021–**

प्रमुख पुरस्कार इस प्रकार हैं-

सर्वश्रेष्ठ फिल्म- 'थप्पड़' (निर्देशक- अनुभव सिन्हा)

सर्वश्रेष्ठ फिल्म (क्रिटिक्स)- 'ईब आले ऊ ! ' (निर्देशक- प्रतीक वत्स)

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- इरफ़ान खान (फिल्म- 'अंग्रेजी मीडियम')।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री- तापसी पन्नू (फिल्म-'थप्पड़')।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (क्रिटिक्स)- अमिताभ बच्चन (फिल्म- गुलाबो सिताबो)।

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (क्रिटिक्स)- तिलोत्तमा शोम (फिल्म- सर)

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक- ओम राउत (फिल्म-'तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर'

**BAFTA अवार्ड 2021 -**

सर्वश्रेष्ठ फिल्म: नोमैडलैंड

सर्वश्रेष्ठ निर्देशक: क्लो झाओ (नोमैडलैंड)

मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता: एंथनी हॉपकिंस (द फ़ादर)

मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री: फ्रांसेस मैकडोरमंड (नोमैडलैंड)

**2020 के गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा -**

केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2019 तथा 2020 के गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा की गई।

वर्ष 2019 का यह पुरस्कार ओमान के (दिवंगत) सुल्तान काबूस बिन सैद अल सैद को प्रदान किया जाएगा।

वर्ष 2020 का यह पुरस्कार बांग्लादेश के संस्थापक एवं प्रथम राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को प्रदान किया जाएगा।

**साहित्य अकादेमी पुरस्कार 2021 -**

हाल ही में साहित्य अकादेमी ने 20 भारतीय भाषाओं में इस वार्षिक पुरस्कार की घोषणा की। जिनमे सात कविता-संग्रह, चार उपन्यास, पांच कहानी-संग्रह, दो नाटक, एक-एक संस्मरण और महाकाव्य के लिए ये पुरस्कार घोषित किए गए।

जिसमे अनामिका के कविता संग्रह 'टोकरी में दिगन्त: थेरीगाथा : 2014' के लिए उन्हें हिंदी भाषा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

जबकि अरुंधति सुब्रमण्यम के कविता संग्रह 'व्हेन गॉड इज ए ट्रैवलर' के लिए उन्हें अंग्रेजी भाषा के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## **स्कॉच चीफ मिनिस्टर ऑफ द ईयर अवॉर्ड 2021 -**

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई.एस. जगनमोहन रेड्डी को स्कॉच समूह द्वारा स्कॉच चीफ मिनिस्टर 'ऑफ द ईयर', 'अवॉर्ड प्रदान' किया गया।

## **78वां गोल्डन ग्लोब पुरस्कार 2021-**

प्रमुख वर्गों में पुरस्कार-

सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म (ड्रामा)- नोमैडलैंड(Nomadland)

सर्वश्रेष्ठ एनीमेडेट फीचर फिल्म–साउल (Soul)।

सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म– मीनारी (USA)।

सर्वश्रेष्ठ टेलीविजन सीरीज (ड्रामा)–द क्राउन।

सर्वश्रेष्ठ मोशन फिल्म- बोराट सब्सीक्वेंट मूवीफिल्म

## **सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2021–**

हाल ही में केंद्र सरकार ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जयंती के अवसर पर सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार, 2021 की घोषणा की।

यह पुरस्कार दो श्रेणियों – संस्थागत तथा व्यक्तिगत श्रेणी में दिया जाता है।

संस्थागत श्रेणी में यह पुरस्कार सस्टेनबल एनवायरमेंट एंड इकोलॉजिकल डेवलपमेंट सोसाइटी (SEEDS) को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए चुना गया।

जबकि व्यक्तिगत श्रेणी में डॉ. राजेंन्द्र कुमार भंडारी को आपदा प्रबंधन में उत्कृष्ट कार्य के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया।

## **ग्रैमी पुरस्कार 2021-**

वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार (Grammy Awards) समारोह का 63वां संस्करण 14 मार्च 2021 को लॉस एंजिल्स (Los Angeles) में आयोजित किया गया था

एल्बम ऑफ़ द इयर- टेलर स्विफ्ट द्वारा “फोक्लॉर”

रिकॉर्ड ऑफ़ द इयर- बिली ईलिश द्वारा “एव्रीथिंग आई वांटेड”

## ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021-

विश्व के नंबर-1 खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच (Novak Djokovic) ने फाइनल मुकाबले में रूस के डेनिल मेदवेदेव को हराकर रविवार को साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन 2021 का पुरुष एकल वर्ग का खिताब लगातार दूसरी बार जीत लिया।

जबकि महिला एकल में जापान की 23 साल की स्टार खिलाड़ी नाओमी ओसाका (Naomi Osaka) ने दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब जीत है. इससे पहले वो 2019 में जीती थी।

## भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2021-

भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) का 51 वां संस्करण 16 जनवरी से 24 जनवरी 2021 तक गोवा के पणजी के पास श्यामाप्रसाद स्टेडियम में आयोजित किया गया था।

र्वश्रेष्ठ फिल्म के लिए गोल्डन पीकॉक अवार्ड: इन्टू द डार्कनेस

सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के लिए सिल्वर पीकॉक अवार्ड: त्ज़ू-चुआन लिउ, द साइलेंट फ़ॉरेस्ट

सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए सिल्वर पीकॉक अवार्ड: ज़ोफ़िया स्टैफ़िएज, आई नेवर क्राई

इंडियन पर्सनालिटी ऑफ द ईयर अवार्ड: बिस्वजीत चटर्जी